प्रेस नोट
स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
Date- 07.06.2024

एसकेआरएयू: 11 जून को आयोजित होगा 20 वां दीक्षांत समारोह, राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र होंगे मुख्य अतिथि

स्नातक, स्नातकोत्तर व विद्या-वाचस्पति के कुल 1569 विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे उपाधियां
20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 03 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से किया जाएगा सम्मानित
पहली बार स्नातक विद्यार्थी को दिया जाएगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक
पीएचडी में भी पहली बार प्रदान किया जाएगा स्वर्ण पदक
संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में नवनिर्मित छात्रावास, उच्च जलाशय व कृषि ज्ञान रथ का करेंगे लोकार्पण
विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का भी करेंगे विमोचन
समारोह की तैयारियों को लेकर विद्या मंडप में की गई समारोह की रिहर्सल

बीकानेर, 07 जून। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा तथा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.बी.आर.छींपा एवं दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडप सभागार में रिहर्सल की गई।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातक ( यूजी) 2022-23 एवं आईएबीएम, कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर (पीजी) व विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएंगी। समारोह में 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 03 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ एम.एस.स्वामीनाथन छात्रावास, उच्च जलाशय व कृषि ज्ञान रथ का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल महोदय कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों "कृषि व्यवसाय- प्रबंधकीय परिप्रेक्ष्य में" व "बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों पर पाठ्य पुस्तक " का विमोचन करेंगे। समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा प्रो.आर.बी.सिंह व प्रो.बी.आर.छींपा को डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 20 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के जिन 1569 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, उनमें से 1245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। कुल 1569 विद्यार्थियों में से स्नातक के 1346, स्नातकोत्तर के 194 और विद्यावाचस्पति के 29 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों में से स्नातक के 02, स्नातकोतर के 17 और विद्यावाचस्पति का 01 विद्यार्थी शामिल है। खास बात ये कि पहली बार विद्यावाचस्पति विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार पहली बार स्नातक विद्यार्थी को भी कुलाधिपति स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा।

विदित है कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समन्वय व प्रोटोकॉल, पंजीकरण, प्रकाशन समिति समेत करीब 15 विभिन्न समितियां बनाई गई हैं। जिनकी नियमित बैठक कुलपति डॉ अरुण कुमार की अध्यक्षता और कुलसचिव डॉ देवा राम सैनी की मॉनिटरिंग में चल रही है। शुक्रवार को हुई रिहर्सल में कुलपति डॉ अरुण कुमार के अलावा कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी , वित्त नियंत्रक श्री राजेन्द्र कुमार खत्री समेत अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत , आईएबीएम निदेशक डॉ आईपी सिंह , प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ सुभाष चंद्र , सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल , भू सदस्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम , छात्र कल्याण निदेशक डॉ वीर सिंह , मानव संसाधन निदेशालय निदेशक डॉ ए.के. शर्मा , कृषि कॉलेज अधिष्ठाता डॉ पीके यादव, कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एसआर यादव , कीट विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ हनुमान देशवाल , कृषि अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष इं जे.के.गौड़, लाइजन ऑफिसर डॉ वाई के सिंह , परीक्षा नियंत्रक डॉ राजेन्द्र सिंह राठौड़ ,, निगरानी एवं मूल्यांकन निदेशक डॉ योगेश शर्मा , वीसी के ओएसडी इंजी विपिन लड्डा, सह आचार्य डॉ वीएस आचार्य आदि शामिल हुए।

08.06.2024

# एसकेआरएयू : 11 जून को आयोजित होगा 20 वां दीक्षांत समारोह

## » 1569 विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे उपाधियां » 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 03 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से किया जाएगा सम्मानित

@बीकाणा संवाद

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा तथा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.बी.आर.छींपा एवं दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातक ( यूजी) 2022-23 एवं आईएबीएम, कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर (पीजी) व विद्यावाचस्पति (पीएचडी) के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएंगी। समारोह में 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 03 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ एम.एस.स्वामीनाथन छात्रावास, उच्च जलाशय व कृषि ज्ञान रथ का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल महोदय कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों कृषि व्यवसाय- प्रबंधकीय परिप्रेक्ष्य में व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों पर पाठ्य पुस्तक का विमोचन करेंगे। समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा प्रो.आर.बी.सिंह व प्रो.बी.आर.छींपा को डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 20 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के जिन 1569 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, उनमें से 1245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। कुल 1569 विद्यार्थियों में से स्नातक के 1346, स्नातकोत्तर के 194 और विद्यावाचस्पति के 29 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों में से स्नातक के 02, स्नातकोत्तर के 17 और विद्यावाचस्पति का 01 विद्यार्थी शामिल है। खास बात ये कि पहली बार विद्यावाचस्पति विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार पहली बार स्नातक विद्यार्थी को भी कुलाधिपति स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा।

08.06.2024

# एसकेआरएयू 11 जून को आयोजित होगा 20 वां दीक्षांत समारोह, राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे मुख्य अतिथि

बीकानेर (निष्पक्ष कलम)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे।

विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा तथा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.बी.आर.छींपा एवं दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडप सभागार में रिहर्सल की गई।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातक ( यूजी) 2022-23 एवं आईएबीएम, कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर (पीजी) व विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएंगी।

समारोह में 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 03 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ एम.एस.स्वामीनाथन छात्रावास, उच्च जलाशय व कृषि ज्ञान रथ का लोकार्पण करेंगे।

इसके अलावा राज्यपाल महोदय कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'कृषि व्यवसाय- प्रबंधकीय परिप्रेक्ष्य में' व 'बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों पर पाठ्य पुस्तक' का विमोचन करेंगे। समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा प्रो.आर.बी.सिंह व प्रो.बी.आर.छींपा को डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 20 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के जिन 1569 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी,उनमें से 1245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। कुल 1569 विद्यार्थियों में से स्नातक के 1346, स्नातकोत्तर के 194 और विद्यावाचस्पति के 29 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएगी।

कुलपति ने बताया कि समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों में से स्नातक के 02, स्नातकोत्तर के 17 और विद्यावाचस्पति का 01 विद्यार्थी शामिल है।

खास बात ये कि पहली बार विद्यावाचस्पति विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

इसी प्रकार पहली बार स्नातक विद्यार्थी को भी कुलाधिपति स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा।